दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी



वर्ष 15 /अंक 67 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, शनिवार, 06 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592

पंजाब में भाजपा की भविष्य की रणनीति
रिसॉर्ट कर्मी विवेक आर्य के बयान दर्ज, अंकिता के

मूल्य- 2 रु.

# भारत, पाकिस्तान ने एससीओ सम्मेलन में एक-दूसरे पर परोक्ष रूप से साधा निशाना

**बेनौलिम (गोवा), (भाषा)।** भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक-दूसरे पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और उनके पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने ''कूटनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को हथियार'' के तौर पर इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया।

गोवा में भारत द्वारा आयोजित एससीओ के सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद को रोका जाना चाहिए। वहीं, बिलावल ने ''अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन'' का मुद्दा उठाया, जिसे कश्मीर के परोक्ष संदर्भ के रूप में देखा गया। एससीओ मानदंड द्विपक्षीय मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं देते हैं और दोनों विदेश मंत्रियों ने किसी भी देश का नाम नहीं लिया तथा परोक्ष रूप से टिप्पणियां कीं। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जयशंकर ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए हानिकारक होगा और जब दुनिया कोविड-19 महामारी तथा उसके प्रभावों से निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही।जयशंकर ने बिलावल, चीन, रूस, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के अपने समकक्षों की मौजूदगी में कहा, ''हमें किसी भी व्यक्ति या देश को सरकार से इतर तत्वों के पीछे छिपने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए नुकसानदेह होगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद समेत इसके सभी स्वरूपों का खात्मा किया जाना चाहिए।''




अपने संबोधन में पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा, ''हमें एससीओ के भीतर सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त सिद्धांतों के लिए सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रों का एकतरफा और अवैध कदम उठाना एससीओ के उद्देश्यों के विपरीत है।'' बिलावल ने कहा, ''हमें अपनी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने और अपने लोगों के लिए एक नया भविष्य तैयार करने की दिशा में स्पष्ट होना चाहिए, जो संघर्ष को कायम रखने में नहीं, बल्कि संघर्ष के समाधान पर आधारित हो।''

## 'आतंक के वित्त पोषण के सभी तरीके होने चाहिए बंद'

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी, चीन के विदेश मंत्री छिन कांग और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मौजूदगी में जयशंकर ने एससीओ सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए नुकसानदेह होगा. विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तपोषण के सभी तरीकों को बंद किया जाना चाहिए।*

# इंफाल घाटी में जारी तनावपूर्ण स्थिति, उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़



**इम्फाल।** शुक्रवार को मणिपुर के इंफाल घाटी में शांतिपूर्ण माहौल था, लेकिन तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि, घाटी के आसपास के पहाड़ी जिलों से उपद्रवी समूहों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, राज्य में जातीय संघर्ष में शामिल उग्रवादी गुटों और सुरक्षा बलों के बीच चूराचंदपुर जिले के कंगवई जिले के फौगाकचाओ की पश्चिमी पहाड़ी श्रृंखला और इंफाल पूर्वी जिले के दोलाईथाबी और पुखाओ में गोलीबारी की खबर है। इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि इसमें किसी के हताहत होने की खबर मिली है या नहीं। फिलहास, सेना और असम राइफल्स के 6,000 से अधिक सैनिकों को राज्य में तैनात किया गया है और नागालैंड से सड़क मार्ग से और असम से भारतीय वायुसेना के C17 ग्लोबमास्टर और AN 32 परिवहन विमानों का उपयोग करके और अधिक सेना बल को राज्य में तैनात करने की तैयारी है। अधिकारियों ने कहा कि सेना की सिख रेजीमेंट वर्तमान में इम्फाल पश्चिम जिले के लांगोल में बचाव अभियान चला रही है और अबतक 500 से अधिक लोगों को लीमाखोंग सेना शिविर में सुरक्षित स्थानांतरित कर दिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सेना और असम राइफल्स के 55 कॉलम तैनात किए गए हैं और 14 और रिजर्व में रखे गए हैं। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर (ATSUM) द्वारा अनुसूचित जनजाति (ST) के दर्जे की मांग के विरोध में बुधवार को आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के दौरान चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग क्षेत्र में पहली बार हिंसा भड़की।

# दयालबाग ने यमुना नदी के लेकर चलाया अभियान, नदी के तट को साफ रखने, जल मात्रा बढ़ाने प्रवाह को संरक्षित रखने का प्रयास

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**आगरा।** रा-धा-स्व-आ-मी सत्संग सभा, दयालबाग, आगरा ने यमुना नदी के तटीय हिस्से को साफ करने, यमुना में पानी की मात्रा बढ़ाने और पानी के प्रवाह को पुनः संरक्षित करने हेतु विशेष अभियान चलाया। दयालबाग के निवासियों ने सामुदायिक सदस्यों के सहयोग से यह अभियान प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ पिछले कई दिनों से चला रखा था, दयालबाग न सिर्फ अपने पर्यावरण सहयोगी जीवन शैली के लिए जाना जाता है बल्कि पड़ोसी आवासीय सामुदायिक हिस्से के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत रहता है। आज जलवायु परिवर्तन के खतरे के बीच, तेजी से बढ़ते तापमान के चलते यह जरूरी हो गया है कि अपने अस्तित्व के लिए समुदाय की भागीदारी हो और इसे स्थानीय और केंद्रीय प्रशासन से समर्थन, सुविधा और प्रोत्साहन मिले। दयालबाग समूह के इस प्रयास को गति देने के लिए ' अगरा मे यमुना नदी का कायाकल्प और पानी की बहाली' विषय पर कार्यशाला का आयोजन दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित किया गया जिसमें जल संरक्षण एवं पर्यावरण चिंतन से जुड़े 21 विशेषज्ञ आम्न्त्रत किए गए। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, आई आई टी दिल्ली, आई आई टी कानपुर, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, आदि प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने इस कार्यशाला को संबोधित किया और दयालबाग तथा दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के इस प्रयास की सराहना की। इस परिचर्चा में शामिल विशेषज्ञों और समूह के सदस्यों द्वारा दिलचस्प और उत्साहजनक विचार विमर्श किया गया साथ ही महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिये गए। कार्यशाला मे कुल 17105 लोगों द्वारा प्रत्यक्ष एवं आभासी माध्यम से भागीदारी की गई।




संस्थान के निदेशक प्रो पी के कालरा द्वारा स्वागत वक्तव्य से कार्यशाला की शुरुआत हुई और आधार वक्तव्य संस्थान के कुलसचिव प्रो आनंद मोहन द्वारा दिया गया। प्रो. आनंद मोहन द्वारा जोर देकर यह कहा गया कि यमुना नदी और इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में गहराई से भूवैज्ञानिक और भू-आकृति विज्ञान आधारित अनुसंधान पूरी तरह से किया जाना चाहिए ताकि वैज्ञानिक आधार पर सुरक्षित और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी समाधान खोजा जा सके। जलपुरुष एवं मैगसेसे अवार्ड से समानित राजेंद्र सिंह कार्यशाला को संबोधित करने वाले पहले वक्ता थे। उन्होने जल संरशन से संबंधित अपने संघर्ष और अनुभवों को व्यक्त किया। उन्होने बताया कि 12 मार्च 1992 को 5 राज्यों में एक सम्झौता हुआ कि कम से कम 10 प्रतिशत जल प्रवाह अवश्य रखा जाएगा लेकिन यह अफसोसजनक है कि यमुनोत्री से निकलने वाली यमुना हथिनीकुंड बैराज तक आते आते गंदी नदी में बादल जाती है । उन्होने यह विशेष तौर पर चिन्हित किया कि भारतीय संस्कृति में नदियां हमेशा एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व रखती आई हैं। नीर, नदी, नारी और नारायण हमेशा से समानीय थे और लोग उनकी पवित्रता के प्रति सचेत रहते थे।

## तमिलनाडु में भारत माता मंदिर के अभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए संघ प्रमुख, कहा- भारत का अमृतकाल हमारे सामने है

**चेन्नई।** चेंगलपट्टू जिले में मदुरांतकम के निकट नीलमंगलम गांव स्थित भारत माता मंदिर में शुक्रवार को 'कुंभाभिषेकम' का आयोजन किया गया। श्री स्वामी ब्रह्मा योगानंद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत और रायपुर के शादानी दरबार तीर्थ के नौवें पीठाधीश युधिष्ठलाल जी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संपूर्ण भारत की प्रतिमा का अनावरण करते हुए भागवत ने कहा कि भारत का अमृतकाल हमारे सामने है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# ‘बजरंग बली’ बोले, तो जेल

प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक की चुनावी सभाओं में ‘बजरंग बली की जय’ का उद्घोष कर रहे हैं और जनता की प्रतिक्रिया भी पुरजोर से सामने आ रही है। यह नए किस्म की, नए मुद्दे पर हिंदूवादी चुनावी राजनीति है। प्रधानमंत्री जनता से साझा कर रहे हैं कि कांग्रेस ने पहले प्रभु श्रीराम को ताले में बंद किया और अब जो भी ‘बजरंग बली की जय’ बोलेगा, उसे जेल में डाल दिया जाएगा। हालांकि हकीकत यह नहीं है। प्रधानमंत्री उसकी व्याख्या कर रहे हैं, जो कांग्रेस ने घोषित किया है। कांग्रेस ने यह मुद्दा पैदा कर अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। चुनाव घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर पाबंदी लगाने की बात कहने की जरूरत ही क्या थी? उसकी आतंकवादी, प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से तुलना कैसे की जा सकती है? गौरतलब सवाल यह भी है कि भगवान बजरंग बली और बजरंग दल क्या समानार्थी, पूरक, पर्यायवाची हैं? ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री समेत भाजपा और उसके काडर ने दोनों की साम्यता की व्याख्या की है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि बजरंग बली का नाम लोगे, तो जेल के ताले में बंद कर दिए जाओगे। अपने मुद्दे को ठोस जमीन देने के लिए भाजपा वाले और हिंदूवादी देश भर के गांवों और मंदिरों में ‘हनुमान चालीसा’ का पाठ करेंगे। चुनाव है या कोई धार्मिक आंदोलन है! आस्थामय भावनाओं का मुद्दा बना दिया गया है, लिहाजा कर्नाटक के करीब 84 फीसदी हिंदुओं के भीतर पलट-प्रतिक्रिया हो सकती है। एक अनुमान है कि कर्नाटक में 35-40 फीसदी हिंदू बजरंग बली के कट्टर भक्त हैं। चुनावी ध्रुवीकरण ऐसी ही परिस्थितियों में कराए जा सकते हैं। ऐसे हालात में शेष संवेदनशील और बुनियादी समस्याओं पर धुंध छा जाती है। कांग्रेसी घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर पाबंदी का ऐलान भी कांग्रेस की अनधिकार चेष्टा है, क्योंकि ऐसे प्रतिबंध भारत सरकार का ही विशेषाधिकार है। राज्य सरकार सिर्फ परामर्श दे सकती है। यदि विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाए, तो अंतिम और निर्णायक प्रतिबंध के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को ही भेजना अनिवार्य है।

दरअसल बजरंग दल के खिलाफ विदेशी आतंकी फंडिंग, हथियारों को जमा करने, उनके प्रशिक्षण, बम बनाने और विस्फोट करने, अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से रिश्ते और साजिशाना सांठगांठ और आतंकी हमले कराने सरीखे देश-विरोधी, घोर आपराधिक मामले दर्ज नहीं हैं। बजरंग दल उत्साही, उन्मादी, उत्पाती, हिंदूवादी संगठन हो सकता है, लेकिन 25 लाख से ज्यादा सदस्यों वाला संगठन ‘आतंकवादी’ करार नहीं दिया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र ने उस पर पाबंदी चस्पा करने की कभी कोशिश नहीं की है और न ही ऐसा कोई विमर्श किया गया है। बजरंगियों पर कुछ आपराधिक केस भी दर्ज हो सकते हैं, गोवध के संदर्भ में कुछ ज्यादतियां भी की गई हैं, उनके कई पूर्वाग्रह भी हैं, लेकिन वे अपवाद हैं, आतंकवाद नहीं हैं। कांग्रेस ऐसा दुस्साहस केंद्र में नरसिंह राव सरकार के दौरान कर चुकी है, जब 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या का विवादित ढांचा ध्वस्त करने के बाद बजरंग दल और आरएसएस को प्रतिबंधित किया गया था। ट्रिब्यूनल की पहली सुनवाई में ही केस धराशायी हो गया, क्योंकि तत्कालीन भारत सरकार बजरंग दल के ‘आतंकी’ होने का कोई साक्ष्य नहीं दे सकी। दरअसल बजरंग दल की छवि ही ऐसी है। अलबत्ता यह राष्ट्रीय धर्म, सेवा, सुरक्षा, संस्कार के ध्येय वाक्य वाला संगठन है।

# पंजाब में भाजपा की भविष्य की रणनीति

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



पंजाब में भाजपा ऊहापोह की स्थिति में है। अकाली दल से समझौते से पूर्व जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी पंजाब में 0 से लेकर 9 विधानसभा सीटों तक सिमटी हुई थी। आपात स्थिति के उपरान्त 1977 में हुए चुनावों में भी जब जनता पार्टी और अकाली दल ने मिल कर चुनाव लड़ा था तो जनता पार्टी में जनसंघ ग्रुप को विधानसभा में महज 12 सीटें मिली थी। कालान्तर में जब भाजपा और अकाली दल ने आपस में मिल कर चुनाव लडऩे का मन बना लिया तो भाजपा को 12 से 18 के बीच सीटें मिलने लगी थीं। इसमें कोई शक नहीं कि यह राजनीतिक सुविधा का समझौता था। भाजपा ने मान लिया था कि वह पंजाब में हिन्दुओं के एक तबके की पार्टी है और अकाली दल ने मान लिया था कि वह मोटे तौर पर पंजाब के जट्ट/सिख की पार्टी है। दोनों पार्टियों के लिए जरूरी था कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ा कर पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने की कोशिश करतीं। अन्यथा उनकी स्थिति पंजाब की राजनीति में दबाव समूह से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अकाली दल का प्रभाव क्षेत्र यकीनन भाजपा से ज्यादा था, लेकिन वह समस्त पंजाबियों की पार्टी न होकर जाटों के एक हिस्से और कुछ सीमा तक खत्री सिखों के एक हिस्से की पार्टी मात्र ही थी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव क्षेत्र अकाली दल से भी कम था। इस स्थिति में दोनों पार्टियों के पास सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने का एक ही रास्ता था, या तो अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा कर समस्त पंजाबियों की पार्टी बनती या फिर सत्ता तक पहुंचने का कोई बाईपास ही तलाशतीं। दोनों पार्टियों ने दूसरे रास्ते को ही सरल व प्रभावकारी समझा। उन्होंने आपस में समझौता कर लिया और सत्ता पर कब्जा कर लिया। यकीनन इस राजनीतिक प्रयोग में भाजपा की हैसियत ‘छोटे भाई’ की ही होती। यह प्रयोग दो-तीन दशक तक चला। लेकिन इस प्रयोग में दोनों पक्ष ही असन्तुष्ट दिखाई देने लगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं को यह लगने लगा था कि अकाली दल से समझौते के कारण पार्टी का विस्तार रुक गया है, जबकि यह सोच यथार्थ पर आधारित नहीं थी।

समझौते से पूर्व के तीन दशकों में भी पार्टी पूरे पंजाब, खासकर राज्य का ह्रदय कहे जाने वाले मालवा क्षेत्र में तो अपना प्रभाव कहीं भी बना नहीं सकी थी। अकाली दल को यह भ्रम होने लगा था कि अब पंजाब के अन्य समुदायों में भी उसने अपना संगठन खड़ा कर लिया है और अपने बलबूते वह पंजाब में अपनी सरकार बना सकता है। इसलिए किसान आन्दोलन के बहाने उसने भाजपा से अपना पुराना गठबन्धन तोड़ लिया। लेकिन इससे दोनों पक्ष ही प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। अकाली दल को लगता था उसकी पीठ से बोझ उतर गया और भाजपा को लगा कि उसके विकास के रास्ते की दीवार हट गई। सचमुच इसका क्या परिणाम हुआ, यह 2022 के विधानसभा चुनावों से पता चला जब भारतीय जनता पार्टी को दो और अकाली दल को महज तीन सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी ने 118 सीटों वाली विधानसभा में 92 सीटें झटक लीं। लेकिन लगता है आम आदमी पार्टी की जीत पंजाब में विकल्पहीनता की स्थिति का परिणाम था। इसका सबूत चुनावों के तुरन्त बाद, संगरूर लोकसभा की सीट के चुनाव परिणामों से मिला। मुख्यमंत्री भगवन्त सिंह मान के त्यागपत्र से खाली हुई थी। भगवन्त सिंह दो बार निरन्तर यह सीट लाखों के मार्जिन से जीत चुके थे। लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के तुरन्त बाद आम आदमी पार्टी यह सीट हार गई। जीत अलगाववाद के समर्थक सिमरनजीत सिंह की पार्टी अकाली दल (अमृतसर) की हुई। प्रत्याशी भी सिमरनजीत सिंह स्वयं थे। पंजाब में इस नई राजनीतिक स्थिति ने प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल दी। अकाली दल को लगा कि उसे अपने पुराने अड्डे पर वापस लौट जाना चाहिए। इसलिए वह पंथ के हितों की रक्षा वाले अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटने लगी। अभी तक उसकी कोशिश थी कि भारतीय जनता पार्टी से छुटकारा पा लिया जाए और स्वयं को पंजाबियों की पार्टी के तौर पर स्थापित किया जाए। लेकिन अब वह वापस अपने पुराने घर की ओर चल पड़ी। लेकिन भाजपा इस स्थिति में कौनसा रास्ता अख्तियार करे? क्या वह भी अपने उस पुराने घरौंदे में सिमटी रहे या फिर वह भी पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने के रास्ते पर चल निकले। पार्टी के भीतर ही एक समूह पुराने घरौंदे को ही सुरक्षित मानता था।


से लगता है कि सारे पंजाबियों की पार्टी बनने के चक्कर में वह अपना सुरक्षित जनाधार भी गंवा लेगी। लेकिन लगता है नरेन्द्र मोदी ने दूसरे रास्ते को अधिमान दिया है। भारतीय जनता पार्टी का पंजाब के हर फिरके में विस्तार किया जाए। यही कारण है कि पार्टी ने अपने दरवाजे पूरी तरह खोल दिए। ऐसा नहीं कि ये दरवाजे पहले बन्द थे। यही कारण है कि कांग्रेस और अकाली दल से टूट-टूटकर अनेक लोग भाजपा में आने लगे।

उत्तराखंड प्रहरी

**कविता**

## दुनिया का बाजार ....

हवा बिकती,जमीन बिकती,
और बिकता है पानी दुनिया के बाजार में।
पेन बिकता,किताब बिकती,
और बिकता है ज्ञान दुनिया के बाजार में।
झूंठ बिकता,फरेब बिकता,
और बिकता है धोखा दुनिया के बाजार में।
ईमान बिकता,स्वाभिमान बिकता,
और बिकता है इंसान दुनिया के बाजार में।
रिश्ता बिकता,विश्वास बिकता,
और बिकता है सच दुनिया के बाजार में।
बिकता है सब कुछ यहां,
पर चैन-सुकून कहीं नहीं बिकता दुनिया के बाजार में।



सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# खेल मैदानों को यूं बर्बाद मत करो

भूपिंदर सिंह



हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पर्वतीय होने के कारण यहां खेल मैदान तैयार करने के लिए पहाड़ काट कर जमीन समतल करने पर बहुत अधिक धन खर्च हो जाता है तो फिर प्लेट फील्ड बनाने के लिए उस योजना में धन कम पड़ता है। इसलिए भी हिमाचल प्रदेश में खेल मैदानों की योजनाओं को पूरा नहीं किया जा सका है। कई जगह ऐसे आधे अधूरे मैदान देखे जा सकते हैं। इन अधूरे खेल मैदानों में शिक्षा व पुलिस विभाग के मैदान अधिक हैं। यह भी एक बहुत बड़ा कारण है कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा संस्थानों के पास खेल मैदानों का अभाव है। यही सबसे बड़ी कमी है कि हम पहाड़ी दमखम में अव्वल होते हुए भी खेलों में वह सब नहीं कर पाये हैं जो कर सकते हैं। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाये गये चंद मगर बेहतरीन चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, रामपुर, सोलन, चैल, नाहन आदि जगहों पर मैदान थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों -उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदान का हाल कुछ ठीक नहीं है।

कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में जो कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हाकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर के प्रयासों ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले तारीफ है।

बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। धर्मशाला की तरह हमीरपुर में भी खिलाडियों के लिए पहचान पत्र बनाना होगा।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# रिजॉर्ट कर्मी विवेक आर्य के बयान दर्ज, अंकिता के साथ मारपीट से लेकर कई पर्दों से उठाया राज

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**कोटद्वार।** अंकिता हत्याकांड में बृहस्पतिवार को एक गवाह ने कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) रीना नेगी की अदालत में बयान दर्ज कराए। दूसरा गवाह अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अब गवाही के लिए अगली तिथि 17 मई निर्धारित की गई है। जिसमें गवाही के लिए तीन गवाहों को समन भेजा जा रहा है। गवाही और प्रति परीक्षा के दौरान तीनों हत्यारोपी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता अदालत में मौजूद रहे।

अंकिता हत्याकांड की पैरवी के लिए नियुक्त विशेष लोक अभियोजक डीजीसी जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बृहस्पतिवार की गवाही के लिए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के रिजॉर्ट में हाउस कीपिंग का काम करने वाले विवेक आर्य और आयुष को समन भेजा गया था, लेकिन अदालत में केवल विवेक ही हाजिर हुआ। उसने पुलिस व एसआईटी को दिए बयानों को अदालत में दोहराया। विवेक आर्य ने अदालत में बताया कि वह केवल 10वीं कक्षा तक पढ़ा है। उसने वनंत्रा रिजार्ट में हाउस कीपिंग की नौकरी के लिए आवेदन किया था। जिसमें उसे साढ़े दस हजार रुपये में नौकरी पर रख लिया गया। उसने रिजॉर्ट में 09 सितंबर को नौकरी ज्वाइन की। अगले दिन उसने साथ के अन्य लोगों से सुना कि अंकिता के साथ रिजॉर्ट में मारपीट हुई थी।



11 सितंबर को अंकिता ने उसे बताया कि पुलकित आर्य और सौरभ ने ड्रिंक करने के बाद अश्लील हरकत करने की कोशिश की। जिस पर अंकिता ने पुलकित आर्य को थप्पड़ मारने की बात बताई। अंकिता ने यह भी बताया कि इससे पहले दो सितंबर को बर्थडे पार्टी के दिन सौरभ भास्कर ने उसे रुम में ले जाकर ड्रिंक कराकर बदतमीजी की और अश्लील हरकत करने की कोशिश की।

विवेक आर्य ने अदालत में बताया कि 14 सितंबर को रिसॉर्ट में अंकिता का दोस्त पुष्पदीप भी आया था। वह यहां 16 सितंबर तक रहा। बताया कि उसने भी भी रिजॉर्ट में 16 सितंबर तक नौकरी की। इसके बाद वह अन्यत्र चला गया। बताया कि अगले दिन 17 सितंबर अंकिता का उसे फोन आया था कि रिजॉर्ट में कोई चीफ गेस्ट आने वाला है, जिसे एक्स्ट्रा सर्विस देने के लिए पुलकित आर्य उसे मनाने में लगा है। यह भी बताया कि अंकित ने उसके साथ धक्का मुक्की की है। बताया कि 18 सितंबर को अंकिता मैडम का उसे फिर फोन आया। फोन पर वह रो रही थी। रोते हुए उसने उसे यहां से ले जाने का आग्रह किया। उस वक्त वह गाड़ी चला रहा था। उसने बाद में बात करने की बात कहते हुए फोन काट दिया। शाम को करीब 7:00 बजे उसने अंकिता मैडम को फोन लगाया था, लेकिन उनका फोन नहीं लगा। उसके बाद अंकिता मैडम से कोई बात नहीं हुई। गवाही में विवेक ने बताया कि रिसॉर्ट में सीसीटीवी. कैमरे लगे थे, लेकिन उसे पता नहीं कि वे चलते थे या नहीं। यह भी बताया कि 16 सितंबर को रिजॉर्ट में 16 से 17 वीआईपी गेस्ट आए थे। वे वहां पर करीब एक घंटा रूके। उनके पास सूटकेश व गन थी। एक घंटा रुकने के बाद अन्य लोग चले गए, जबकि 2 से 3 गेस्ट ही रिजॉर्ट में रुके। अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही पूरे होने के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर, अमित सजवान एवं रजत दुआ ने गवाह से प्रति परीक्षा की।डीजीसी जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अब अदालत में अगली गवाही 17 मई को होगी। जिसके लिए तीन गवाहों को समन भेजा जा रहा है। अंकिता हत्याकांड एसआईटी की ओर से 97 गवाह बनाए गए हैं। जिसमें अब तक 8 लोगों की गवाही हो चुकी है।

अंकिता हत्याकांड के ट्रायल के दौरान बृहस्पतिवार को तीनों आरोपी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अदालत में लाया गया था। गवाही के दौरान पूरे समय तीनों अदालत में मौजूद रहे। तीनों राज्य की अलग-अलग जनपदों की जेलों में न्यायिक अभिरक्षा में हैं। आरोपियों के अदालत में लाने से उनके वापस जाने तक परिसर में कड़ी पुलिस सुरक्षा मौजूद रही।

# पंकज बागड़ी को अनुसूचित मोर्चा का जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**सबका साथ सबका विकास के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है सरकार: लव शर्मा**

**भाजपा केवल पार्टी नहीं एक विचारधारा है जो सभी जाति व धर्म का उत्थान करना चाहती है: संजय सिंह**

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा का पंकज बागड़ी को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान रानीपुर विधानसभा क्षेत्र जगजीतपुर के कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही धूमधाम से विधायक आदेश चौहान के जन्मदिन पर केक काटकर मनाया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के मोदी के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले 2024 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं, ताकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाई जा सके। अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भाजपा केवल पार्टी ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है जो सभी जाति, धर्म के लोगों का साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के सबका उत्थान करना चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। नवनियुक्त अनुसूचित मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज बागड़ी ने विधायक आदेश चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को पार्टी ने जो सम्मान दिया है उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाते हुए मोर्चा को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यकर्ताओं को एकजुट कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्वमें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकरी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। स्वागत करने वालों में पार्षद मनोज प्रालिया, बृजेश शर्मा, चमन चौहान, विवेक कश्यप, सूबे सिंह, विवेक कश्यप, योगेश सैनी, नितिन जोहरी, कमल प्रधान, पार्षद विकास कुमार, चंदन सैनी, सुनील धीमान, बसंत सैनी, नितिन चौहान, योगेश सैनी, अनुज त्यागी, विजय कुमार, पिंटू प्रधान, सुनील पाल, मनोज चौहान, सुरेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री ने कहा - वर्ष 2025 में राज्य में मिलेट्स के उत्पादन को दो गुना करने के लिए संकल्पित सरकार



देवभूमि उत्तराखंड युनिवर्सिटी में मिलेट पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते कृषि मंत्री गणेश जोशी।

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून के मांडूवाला स्थित देवभूमि उत्तराखंड युनिवर्सिटी द्वारा मिलेट वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने वहां पर लगे स्टोलों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी द्वारा मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने खुशी व्यक्त कि विश्वविद्यालय की छात्र छात्राएं मोटे अनाज को जान रहे हैं, उन्होंने चिंता भी जाहिर की और कहा वास्तविकता ये है कि आज की पीढ़ी मोटे अनाज के फायदे नहीं जानती है। खासतौर से शहरों में रहने वाले मोटे अनाज यानी मिलेट्स के प्रति जागरूक नहीं हैं। ये ऐसा सुपरफूड है, जो प्रोटीन, फाइबर, विटामिन बी, कैल्शियम, आयरन और न जाने कितने पोषक तत्वों से भरा पडा है।

मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष यानी इंटरनेशनल इयर ऑफ़ मिलेट्स घोषित किया है। उन्होंने कहा हमारे यहाँ भी सरकार ₹उत्तराखंड मिलेट मिशन₹ शुरु कर रही है। अन्त्योदय योजना के अंतर्गत हर राशनकार्ड पर एक किलो मंडवा एक रुपये में मिलेगा। मिड डे मील में झंगोरा दिया जाएगा और योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए किसानों से अच्छे दामों पर मंडवा खरीदा जाएगा। मंत्री ने कहा केंद्र सरकार की श्री अन्न योजना के अंतर्गत मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि, दुनिया स्वस्थ रहे और किसान मजबूत हो।उन्होंने कहा जागरूकता बढ़ेगी तभी तो मांग और पौदावार बढ़ेगी और किसानों की आमदनी बढ़ेगी। मंत्री ने कहा मिलेट्स के प्रचार प्रसार के लिए देहरादून में 13 से 16 मई तक मिलेट्स मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा मिलेट स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद लाभदायक है। मंत्री ने कहा हमारा संकल्प है कि जब राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम मिलेट्स के उत्पादन दोगुना करेंगे इस दिशा में प्रदेश सरकार लगातर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंत्री ने मिलेट्स द्वारा निर्मित पकवानों की प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी कुलाधिपति संजय बंसल, उपकुलाधिपति अमन बंसल, कुलपति प्रोफेसर डॉ. प्रीति कोठियाल, जनरल सोनी सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने श्रीयंत्र में पूजा-अर्चना के साथ देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज डोल आश्रम पहुँचकर कल्याणिका हिमालय देवस्थानम के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने 1100 कन्याओं का पूजन करने के साथ ही नर-नारायण मूर्तियों का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने श्रीयंत्र में पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई दी और महात्मा बुद्ध के धर्म, शान्ति एवं अंहिसा के मार्ग पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि बाबा जी की जो सोच है कि आने वाले समय पर यहाँ से पलायन पर रोक लगे और यहाँ के लोगों को यहीं पर कार्य करने का अवसर मिले, इस क्षेत्र में यह केन्द्र सभी के अन्दर कही न कही जागृति लाने और उस दिशा में प्रेरित करने का कार्य भी कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आश्रम जहाँ एक ओर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, वहीं युवाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में शिक्षित करने का महान कार्य भी इसके माध्यम से हो रहा है। देवभूमि उत्तराखंड में जन्म लेना अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य है। यह आश्रम हमारी जो पुरानी सभ्यता, संस्कृति है उसकी जीती-जागती मिशाल है। यह साधना और आध्यात्म का एक भव्य और दिव्य केन्द्र है। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नये उत्तराखण्ड का संकल्प लेकर निरन्तरता से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम भी पाँचवें धाम के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संस्कृति संरक्षण हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, इसके लिए हमारी सरकार एक कठोर धमान्तरण का कानून लेकर आयी है। हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि भूमि अतिक्रमण को भी समाप्त किया जायेगा तथा समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहाँ पर 03 नये पार्किंग स्थल विकसित किये जायेंगे तथा आश्रम में जो संस्कृत विद्यालय संचालित किया जा रहा है उसका महाविद्यालय बनाने के लिए या विश्वविद्यालय बनाने का प्रयास किया जायेगा।

इस अवसर पर जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, पूज्य महाराज कल्याणदास जी, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, सुभाष पाण्डे, जिलाधिकारी वन्दना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रचिता जुयाल, सहित अनेक अखाड़ों के मंहत, अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन स्वामी हरि चैतन्य ने किया।



## विधायक के सम्मुख रखी ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं

**हरिद्वार।** बहादराबाद जनसेवा टीम के सदस्यों ने ज्वालापुर विधानसभा विधायक रवि बहादुर से मुलाकात की और उन्हें गांव और आसपास के क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक के प्रस्ताव पर अलीपुर गांव में होने वाले विकास कार्यों में हो रही देरी के विषय में भी बातचीत की गई। जिस पर विधायक ने कार्यों को अतिशीघ्र शुरू करवाने का आश्वासन दिया है। जनसेवा टीम गांव और क्षेत्र का विकास करवाने में लगातार प्रयास कर रही है। जनसेवा टीम के सदस्य भगवानदास ने बताया है कि विधायक को गांव की अंदरूनी सड़कें, लॉकिंग टाइल्स, मंदिर व श्मशान घाट के सौन्दर्यकरण, खेतों की सिंचाई वाली नालिया, नाले पर पुलिया इत्यादि कार्य करवाने हेतु जनसेवा टीम और ग्रामवासियों ने मिलकर प्रार्थना पत्र दिया। और विधायक द्वारा जल्दी ही इन सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन मिला है।जनसेवा टीम के सदस्यों ने यह भी बताया हैं कि विधायक का बातचीत करने ओर मिलने का रवैया बहुत ही सराहनीय है।जनसेवा टीम द्वारा बताईजाने वाली प्रत्येक समस्या को विधायक बहुत ही ध्यानपूर्वक ओर अच्छी तरह से सुनते है।ओर उनका समाधान करवाने के लिये उचित कदम उठाते हैं विधायक से मुलाकात के दौरान भगवानदास, विकास चौहान,विशेष, नागेंद्र, अर्जुन, नवीन, सुरेश, इत्यादि उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने नहीं पहुंचे छात्रों पर लगाया 100 रुपये फाइन, स्कूल को नोटिस जारी

वेणीराम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून।** देहरादून स्थित जीआरडी निरंजनपुर एकेडमी में पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने स्कूल नहीं पहुंचे छात्रों से 100 रुपये फाइन वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के राष्ट्रीय की और से मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। शिक्षा विभाग ने स्कूल को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। जीआरडी अकेडमी ने उन बच्चों को 100 रुपये फाइन या मेडिकल प्रमाणपत्र जमा कराने का आदेश जारी किया है। जो रविवार को मन की बात कार्यक्रम के लिए स्कूल नहीं पहुंचे थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस संबंध में स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में आदेश जारी किए गए हैं। अभिभावकों ने उन्हें इस आदेश का स्क्रीनशॉट भी दिखाया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत का संज्ञान लेते हुए एकेडमी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होने कहा अगर स्कूल तीन दिन में अपना पक्ष नहीं रखता है तो यह समझा जाएगा कि स्कूल की तरफ से छात्रों से पैसे मांगे गए थे। इसके बाद विभाग कार्रवाई करेगा।

## गुरु अमरदास जी का 544 वां प्रकाश पर्व सौल्लासपूर्वक मनाया

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

### महान समाज सुधारक थे गुरु अमरदास जी-महंत रंजय सिंह



**हरिद्वार।** सिखों के तीसरे गुरु अमरदास जी का 544 वां प्रकाश पर्व तीजी पातशाही तपस्थान, सतीघाट ,कनखल में सौल्लासपूर्वक मनाया गया इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ आयोजित किया गया और अखंड पाठ का भोग लगाया गया अरदास की गई तथा अटूट लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस अवसर पर शब्द कीर्तन आयोजित किया गया

इस अवसर पर समस्त देशवासियों को गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए तीजी पातशाही तपस्थान के महंत रंजय सिंह महाराज ने कहा कि गुरु अमरदास जी एक महान समाज सुधारक और तपस्वी थे, उन्होंने पर्दा प्रथा के साथ-साथ सती प्रथा का भी विरोध किया और इन कुरीतियों को समाप्त कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया कनखल के सतीघाट में उन्होंने सती प्रथा को समाप्त करवाया और समाज में जात-पात और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने के लिए लंगर प्रथा का व्यापक प्रचार प्रसार किया। तप स्थान की संचालिका श्रीमती बिन्निंदर कौर सोढ़ी ने कहा कि गुरु अमरदास जी सती घाट कनखल में 21 बार गृहस्थ के रूप में तथा एक बार गुरु गद्दी प्राप्त होने के बाद गुरु के रूप में आए थे। उन्हें 73 साल की उम्र में 1552 में गुरु गद्दी प्राप्त हुई और वे 1574 तक 22 साल तक गुरु गद्दी पर विराजमान रहे। गुरु अमरदास का 95 साल की उम्र में पंजाब के गोइंदवाल में 1574 में निधन हुआ।

इस अवसर पर ग्रंथी देवेंदर सिंह ने अरदास की और अखंड पाठ का भोग चढ़ाया महंत रंजय सिंह ,श्रीमती बिन्निंदर कौर सोढ़ी,इंद्रजीत सिंह,ग्रंथी देवेंदर सिंह, सरदार गजेंद्र सिंह ओबरॉय, सरदार मनजीत सिंह ओबरॉय,हरविंदर सिंह रिंकू ,अवतार सिंह ,परमिंदर सिंह गिल, मनमीत सिंह शेरे पंजाब वाले,कुलदीप सिंह, जगजीत सिंह शिव डेरी श्रीमती सरनजीत कौर, श्रीमती सरबजीत कौर श्रीमती रविंदर कौर और समूह साध संगत ने भाग लिया



## हरिद्वार की मोनिया तलवार ने एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

***हरिद्वार, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो।*** केरला अल्प्पुझा में आयोजित एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरिद्वार की बेटी मोनिया तलवार ने पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के 57 किलो भाग वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड एवं हरिद्वार का नाम रोशन किया है। हरिद्वार सुभाष नगर के निवासी मोनिया तलवार इससे पहले भी पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में कई पदक जीत कर



उत्तराखंड का नाम रोशन चुकी है इसके साथ ही पांच बार स्टेट चैम्पियन रही चूकी है और वर्ष 2022 में नेशनल चैम्पियन का खिताब भी अपने नाम कर चुकी है। मोनिया तलवार ने समर्पण, दृढ़ता और कड़ी मेहनत के चलते प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के रूप में पहचान बनायी है। मोनिया तलवार ने बताया कि पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप गेम्स में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश के अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का एक मंच है। मोनिया तलवार ने बताया कि वर्तमान युग में खेल में अपना शानदार कैरियर बनाया जा सकता है इसके लिए कड़ी मेहनत, लगन और एकाग्रता खिलाड़ी के अंदर होनी चाहिए।

# Tecno ने Phantom V Fold 5G की मार्केटिंग के लिए SpiceJet से की साझेदारी




**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी टेक्नो ने अपने नए स्मार्टफोन फैंटम वी फोल्ड 5जी के 'बियॉन्ड द एक्स्ट्राऑर्डिनरी' मार्केटिंग अभियान के तहत बोइंग 737 को शामिल करने के लिए विमानन कंपनी स्पाइसजेट के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य ब्रांड की मौजूदगी को मजबूत करना और इसके प्राइमरी टारगेट ऑडियंस के बीच इसकी विजिबिलिटी को बढ़ाना है। विमान के बाहरी आवरण को पूरी तरह से नए फैंटम रंगों की ब्रांडिंग में रंगा गया है और स्पाइसजेट विमान को अंदर से भी फैंटम की ब्रांडिंग से लबरेज किया गया है। यहां एयरहोस्टेस यात्रियों को नए फोल्ड फोन को दिखाएंगी और इसके अलावा केबिन बल्कहेड और हेडरेस्ट कवर पर फैंटम वी फोल्ड स्मार्टफोन की ब्रांडिंग भी होगी।

टेक्नो का फैंटम वी फोल्ड 5जी एक नवाचारी स्मार्टफोन है, जिसने 88888 रुपए की कीमत में फोल्डेबल स्मार्टफोन कैटेगरी को नये सिरे से परिभाषित किया है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा सौदा है जो फोल्डेबल फोन खरीदना चाहते हैं लेकिन मोटी रकम खर्च नहीं करना चाहते हैं। फैंटम रेंज के स्मार्टफोन के साथ प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस केंद्रित करने के लिए कंपनी ने अपना रूख बदला है। फोल्ड फोन कैटेगरी में प्रवेश करने का यह फैसला 'बियॉन्ड द एक्स्ट्राऑर्डिनरी' को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

स्पाइसजेट के साथ इस भागीदारी पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, "टेक्नो को हम भारत के लिए गौरव का स्रोत बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम लोकल मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और इनोवेटिव प्रॉडक्ट्स पर बहुत महत्व देते हैं। हमारे पास 6 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक का प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो है। टेक्नो 6 साल से भारत में गहराई से जुड़ा हुआ है। हमारे मजबूत वितरण नेटवर्क, गुणवत्ता के बाद बिक्री सेवा और पावरफुल प्रॉडक्टों को 18 मिलियन उपयोगकर्ताओं से मान्यता प्राप्त है। 'स्टॉप ऐट नथिंग' की अपनी फिलॉसफी को अपने यूजर्स के साथ आगे बढ़ाने के लिए स्पाइसजेट के साथ अपने अनूठे सहयोग की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह साझेदारी लीक से हटकर हमारी रणनीतियों का उपयोग करते हुए भारत में अपनी ब्रांड उपस्थिति का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस अनूठी पहल की सराहना करेंगे, और हम उनके साथ नए और रोमांचक तरीकों से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

# लेवल से डेढ़ मीटर नीचे गया भू-जल स्तर, योजनाओं के जल स्तर पर किए सर्वे में सामने आई बात



**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की खड्डों में प्रतिबंध के बावजूद अवैज्ञानिक तरीके से लगातार किए जा रहे अवैध खनन की वजह से भू-जलस्तर पेयजल योजनाओं के पानी के लेवल से भी डेढ़ मीटर नीचे तक चला गया है। विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। पेयजल योजनाओं के अस्तित्व पर भविष्य में एक बड़ा संकट गहराने की संभावना के मद्देनजर जलशक्ति विभाग ने चैकडैम लगाकर जलस्रोतों के संवर्धन की कार्य योजना तैयार की है। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय कमेटी की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव राज्य स्तरीय कमेटी को प्रेषित किया गया है। उस ओर से अप्रूवल मिलने के बाद फंडिंग के लिए जलजीवन मिशन की मंजूरी को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जिले में लंबे चौड़े दायरे में फैली सीर के अलावा शुक्र व सरहयाली सहित अन्य सहयोगी खड्डें हैं। जिले में 278 पेयजल स्कीमें व 76 सिंचाई स्कीमें हैं। सीर खड्ड पर जाहू से लेकर झंडूता ब्लॉक के बलघाड़ तक 62 पेयजल स्कीमें कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से हजारों लाखों की आबादी लाभान्वित होती है। समस्या यह है कि सालों से खड्डों में अवैध खनन किया जा रहा है और अवैज्ञानिक तरीके से किए जा रहे खनन के कारण खड्डों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके चलते भविष्य में एक बड़ा पेयजल संकट गहराने के आसार बन गए हैं। विभागीय अधिकारियों की एक टीम ने जाहू से लेकर बलघाड़ तक सर्वेक्षण किया तो पाया कि खड्डों पर आधारित पेयजल योजनाओं का जल स्तर डेढ़ मीटर तक नीचे चला गया है। कई योजनाएं ऐसी हैं, जहां पानी की कमी के चलते खड्ड में किसी दूसरी जगह पंप लगाकर पानी उठाना पड़ रहा है। उधर, जलशक्ति विभाग बिलासपुर सर्किल के अधीक्षण अभियंता ई. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि खड्डों पर आधारित पेयजल स्कीमें का जलस्तर उनके पानी के लेवल से भी डेढ़ मीटर नीचे तक चला गया है।

**59.11 करोड़ का प्रोजेक्ट भेजा**

जलशक्ति विभाग बिलासपुर सर्किल के अधीक्षण अभियंता ई. राजेश कुमार शर्मा के अनुसार जिला के तीनों ब्लॉकों से एक एक डीपीआर तैयार कर स्वीकृति को भेजी गई है। यह प्रोजेक्ट 59.11 करोड़ रुपए की लागत का है। इसके तहत घुमारवीं ब्लॉक से 24 करोड़, बिलासपुर सदर ब्लॉक से 19 करोड़ और झंडूता ब्लॉक से 16 करोड़ का प्रोजेक्ट शामिल हैं।

# खातों से चुराए 20.69 लाख रुपए, राज्य सहकारी बैंक जंजैहली में लाखों का गड़बड़झाला, शुरू की विभागीय जांच

**गोहर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की जंजैहली ब्रांच में लोगों के खातों से हुई छेड़छाड़ के दौरान लाखों रुपए का गड़बड़झाला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस कार्य को बैंक के ही किसी कर्मचारी ने अंजाम दिया गया है। मामले की भनक लगते ही वह पिछले दो दिनों से अपनी ड्यूटी से भी गायब है। बैंक के जिला प्रबंधन ने मामले के उजागर होते ही अपनी ओर से विभागीय जांच बिठा दी है। बता दें कि हंसराज पुत्र भगवान दास ने थाना प्रभारी जंजैहली को लिखे शिकायत पत्र में कहा है कि उसका राज्य सहकारी बैंक की जंजैहली ब्रांच में एक सेविंग तथा दूसरा केसीसी खाता है। वह दो मई को अपनी आवश्यक्तानुसार पैसे निकालने ब्रांच गया तथा अपने दोनों खातों की जानकारी ली, जिसमें से उसके सेविंग खाता संख्या 31110100183 से 13 लाख तथा केसीसी खाता संख्या 31151000443 से 7 लाख 69 हजार रुपए की राशि अवैध रूप से निकाली गई है।

# भारत में 2025 तक 90 करोड़ होगी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या



**नई दिल्ली।** भारत में अभी 76 करोड़ सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जो महीने में कम से कम एक बार इंटरनेट का उपयोग करते हैं और वर्ष 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 90 करोड़ होने का अनुमान है। यह पहली बार है कि अधिकांश भारतीय सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता बन गए हैं। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और डेटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कंतार द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई 'इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट 2022' में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2022 में भारत में 75.9 करोड़ 'सक्रिय' इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में से 39.9 करोड़ ग्रामीण भारत से हैं, जबकि 36 करोड़ शहरी भारत से हैं जिससे यह पता चलता है कि ग्रामीण भारत देश में इंटरनेट के विकास को जारी रखे हुये है। हालांकि बिहार में अभी भी इंटरनेट की पहुंच मात्र 32 फीसदी है जबकि गोवा इस मामले में 70 फीसदी के साथ अव्वल स्थान पर है। बिहार इस मामले में भी पिछड़ा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार इंटरनेट उपयोग करने के मामले में पुरूष की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत है और इस मामले में महिलायें पीछे रह गई हैं। खुशी की बात है कि 2022 में सभी नए उपयोगकर्ताओं में से 57 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक, सभी नए उपयोगकर्ताओं में 65 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

9 मिलियन ग्रामीण भारत से हैं, जबकि 360 मिलियन शहरी भारत से हैं, यह दर्शाता है कि ग्रामीण भारत देश में इंटरनेट के विकास को जारी रखता है। लगभग 71% इंटरनेट पहुंच के साथ शहरी भारत में केवल 6% की वृद्धि देखी गई, जिसमें कुल संख्या में अधिकांश लाभ ग्रामीण भारत से आया, जिसने पिछले एक वर्ष में 14% की वृद्धि दर देखी।

यह अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक भारत में सभी नए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में से 56% ग्रामीण भारत से होंगे। हालांकि, डिजिटल डिवाइड राज्यों में इंटरनेट की पहुंच में भारी असमानता के साथ सकारात्मक कथा को प्रभावित कर रहा है, जिसमें बिहार (32 फीसदी) में अग्रणी राज्य गोवा (70 फीसदी) की तुलना में इंटरनेट की पहुंच का स्तर आधे से भी कम है। भले ही लिंग विभाजन आज तक 54% पुरुष उपयोगकर्ताओं के साथ बना हुआ है, यह ध्यान रखना खुशी की बात है कि 2022 में सभी नए उपयोगकर्ताओं में से 57% महिलाएं थीं। यह अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक, सभी नए उपयोगकर्ताओं में 65% महिलाएं होंगी, जो लिंग विभाजन को ठीक करने में मदद करेंगी।

# बैडमिंटन में नगरोटा के अभय-सर्वेश अव्वल, राज्य स्तरीय तकनीकी कालेजों की खेलों में रोचक मुकाबले



**नाहन।** जिला सिरमौर के कालाअंब स्थित हिमालयन गुरप कालाअंब में चल रही राज्य स्तरीय एचपीटीयू वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में राज्य भर से 800 खिलाडियों ने भाग लिया। बैडमिंटन पुरुष युगल में राजीव गांधी कालेज नगरोटा बगवां के अभय पाल गुलेरिया एवं सर्वेश धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लॉरेटे कालेज ऑफ फॉर्मेसी ज्वालाजी के सुदीप सिंह और सत्यम शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी के अमर कौशल और दीपक कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन पुरुष एकल में टीआर अभिलाषी कालेज टांडा के निखिल ने प्रथम, नगरोटा कालेज नगरोटा के अभय पाल गुलेरिया ने द्वितीय तथा एबीवीजीआईईटी कालेज शिमला के आर्यन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

वॉलीबाल में गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर का मुकाबला टीआर अभिलाषी कालेज टांडा से तृतीय स्थान के लिए होगा एवं फाइनल स्थान के लिए लॉरेट इंस्टीच्यूट ज्वालाजी और हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी पांवटा साहिब की टीम के बीच मुकाबला होगा। सबसे रोचक मैच कबड्डी पुरुषों का रहा, जिसके पहले चरण में गवर्नमेंट फार्मेसी कॉलेज सिराज़ को हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस ने हराया। दूसरे मैच में गवर्नमेंट फॉर्मेसी कालेज रोहड़ू ने शिव फार्मेसी कालेज बिलासपुर को हराकर बढ़त बनाई। तीसरे मैच में गवर्नमेंट फॉर्मेसी कालेज रोहड़ू ने डीडीएम ऊना को हराया। हिमालयन गुरप के चेयरमैन रजनीश बंसल ने सभी खेल प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया।

# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिग्गज कमेंटेटर मार्क निकोलस मेलबोर्न क्रिकेट क्लब के नए अध्यक्ष



**इंग्लैंड** – इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिग्गज कमेंटेटर मार्क निकोलस को बुधवार को मेलबोर्न क्रिकेट क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया। निकोलस मौजूदा अध्यक्ष स्टीफन फ्राई की जगह लेंगे और इस साल अक्तूबर में जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी नियुक्ति की घोषणा क्लब की वार्षिक आम बैठक में की गई। मार्क ने अपनी नियुक्ति के बाद एक बयान में कहा, आपको इस सम्मान का अर्थ और इससे जुड़े विशेषाधिकार को समझने के लिए सिर्फ एमसीसी के पूर्व अध्यक्षों की पंक्ति को देखने की जरूरत है। मैंने पहली बार लॉड्र्स में आउटफील्ड पर बाउंड्री के पीछे से क्रिकेट देखा था। मुझे कुछ समय के लिये भले ही बेहतर सीट मिल जाए, लेकिन मैं हमेशा बाहर जाकर खेलने की इच्छा रखूंगा।

## विराट-विराट की हूटिंग पर चिढ़े गंभीर

**लखनऊ।** विराट के भिडऩे के बाद गौतम गंभीर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। गौतम गंभीर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जहां वह हूटिंग कर रहे विराट के फैंस को आंखें दिखा रहे हैं। गौतम और विराट के फैंस का पंगा होते-होते रह गया। मामला लखनऊ का है। वायरल वीडियो में गौतम गंभीर अपने सपोर्ट स्टाफ और दिल्ली के पूर्व साथी विजय दहिया के साथ सीढियों से ऊपर जाते दिख रहे हैं। तभी गंभीर को देखकर भीड़ विराट-विराट करने लगती है। बस फिर क्या था ! गौतम गंभीर भडक़ उठे और रुककर हूटिंग करने वाले फैंस को आंख दिखाने लगे।

# अतंरराष्ट्रीय

# 'पुतिन का आठ मई तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क का कोई कार्यक्रम नहीं'



**मॉस्को, (वार्ता)** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आठ मई तक किसी भी कार्यक्रम के लिए अंतरराष्ट्रीय संपर्क नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने आज यहां पत्रकारों को बताया, ्ररराष्ट्रपति के पास इस समय बातचीत के लिए कोई समय नहीं है। अगला अंतरराष्ट्रीय संपर्क किर्गिजस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापरोव की मास्को यात्रा के दौरान है। हम इस यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसके लिए हम तैयारी कर रहे हैं। आठ मई तक शेड्यूल में कोई अंतरराष्ट्रीय संपर्क नहीं है।"

पेसकोव ने पिछले सप्ताह बताया था कि जापारोव नौ मई से पहले रूस का दौरा करेंगे और पारंपरिक विजय दिवस परेड के लिए रुकेंगे।

# पाकिस्तान के ऊपरी कुर्रम सात शिक्षकों की हत्या

**ऊपरी कुर्रम (पाकिस्तान),(वार्ता)** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी कुर्रम तहसील में कम से कम सात शिक्षकों की हत्या कर दी गयी है। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सरकारी उच्च विद्यालय तारी मंगल के स्टाफ रूम में शिक्षकों को गोली मार दी। सभी शिक्षक अपनी परीक्षा ड्यूटी करने के लिए भवन में थे। अधिकारियों ने इलाके के सभी अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक ऊपरी कुर्रम के पाराचिनार में एक अन्य घटना में चलती गाड़ी में एक शिक्षक की मौत हो गई। इस तरह से यहां एक दिन में कुल संख्या आठ शिक्षकों की मौत हुयी।



गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने कहा कि कार के अंदर मारे गए मोहम्मद शरीफ नामक शिक्षक भी उसी स्कूल के थे। शालोजन रोड पर यात्रा के दौरान शिक्षक को गोली मार दी गई थी। पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं लगा पाई है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2016 में पेशावर के एक आर्मी स्कूल में हुए बम-बम हमले में 140 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर छात्र थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षा के दुश्मनों द्वारा किया गया हमला निंदनीय है। उन्होंने इस हमले की निंदा करते हुए मारे लोगों लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उम्मीद जताई कि कानून के मुताबिक जल्द ही संदिग्ध को सजा दी जाएगी। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति की दुआ की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

## नाइजीरिया में सुरक्षा बलों के अभियान में 40 आतंकवादी ढेर

**लागोस, (वार्ता)** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सरकारी सुरक्षा बलों के अभियानों में कम से कम 40 चरमपंथी आतंकवादी मारे गये हैं। सेना के प्रवक्ता मूसा दानमादामी ने बताया कि पिछले दो सप्ताह में सुरक्षा बलों के अभियान में 40 आतंकवादी मारे गये हैं। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने अशांत क्षेत्र से 131 अपहृत लोगों को छुड़ाया भी है। प्रवक्ता ने बताया कि चरमपंथी समूह बोको हराम के 510 सदस्यों और उनके परिवारों ने विभिन्न स्थानों पर सरकारी सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण किया। इनमें 54 वयस्क पुरुष, 164 वयस्क महिलाएं और 292 बच्चे शामिल हैं।



उत्तराखंड प्रहरी **छोटी खबरें**



## राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के कंडी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की टीम पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया और इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों ने कहा कि मुठभेड़ स्थल पर दो से तीन आतंकवादियों के फंसे होने का अनुमान है। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कंडी इलाके में मुठभेड़ की पुष्टि की है।

## मोदी कर्नाटक में पांच से सात मई को करेंगे रैली और रोड शो

**बेंगलुरू, (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में चुनाव प्रचार के लिए पांच से सात मई के बीच रैलियां और रोड शो करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री मोदी पांच मई को बल्लारी में अपराह्न दो बजे और तुमकुर ग्रामीण क्षेत्र में शाम 4.30 बजे रैलियों को संबोधित करेंगे और बाद में बेंगलुरु में राजभवन लौट आएंगे। मोदी अगले दिन सुबह 10 बजे से अपहरण 1.30 बजे के बीच ब्रिगेड रोड के पास होसथिप्पसंद्रा से युद्ध स्मारक तक रोड शो करेंगे। इसके बाद वह शाम चार बजे रैली को संबोधित करने के लिए बागलकोट जिले के बादामी जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री शाम सात बजे मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के गृह जिले हावेरी में एक और रैली करेंगे। मोदी सात मई को सुबह 10 बजे से अपराह्न 1.30 बजे के बीच मल्लेश्वरम में ब्रिगेड रोड से सांके रोड तक रोड शो करेंगे और फिर एक रैली को संबोधित करने के लिए शिवमोग्गा जाएंगे। इसके बाद वह नंजनगुड के लिए जा सकते हैं और शाम सात बजे समापन रैली को संबोधित कर सकते हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 06 मई को बेंगलुरु में 36.6 किमी के प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो की घोषणा की थी। लेकिन पार्टी ने लोगों को होने वाली परेशानी के मद्देनजर आज एक के बजाय दो अलग-अलग दिन रोड शो करने का फैसला किया।

## शामली में फर्जी वोटिंग करने पहुंची बालिका समेत छह पकड़े गये

**शामली (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में फर्जी मतदान करने पहुंची एक नाबालिग बालिका और तीन महिलाओं समेत छह लोगों को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए लोगों के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किए हैं। गुरुवार को मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट नजर आया। सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर ने भी फर्जी मतदान करने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए थे जिसके बाद पुलिस व मतदान कर्मियों द्वारा बूथों पर आधार कार्ड देखकर ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही थी।

कस्बा गढ़ीपुख्ता स्थित सर्वहितकारी कन्या इंटर कालेज में बनाए गए एक बूथ पर मतदान करने पहुंची तीन महिलाओं के जब वहां तैनात कर्मचारियों ने आधार कार्ड चेक किए तो वे फर्जी निकले। जिसके बाद मतदान कर्मियों ने तीनो महिलाओं को वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के सुपुर्द कर दिया। इसी दौरान दो युवकों को भी उंगली पर लगी स्याही के बावजूद फर्जी मतदान करने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए सभी लोगों को थाने भिजवा दिया गया।

# याचिका का उद्देश्य हुआ पूरा, अब निचली अदालत जा सकते हैं पहलवानः सुप्रीम कोर्ट

**आप एफआईआर चाहते थे; हो गई, अब निचली अदालत जाओ, सुप्रीम कोर्ट ने बंद किया पहलवानों का केस**



**नई दिल्ली, एएनआई।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठी महिला पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका का उद्देश्य बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना था, जो हो चुकी है। साथ ही पहलवानों को सुरक्षा प्रदान की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अब याचिकाकर्ता कुछ और चाहते हैं, तो वे मजिस्ट्रेट या दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में जा सकते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने बंद किया केस**

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद बाहर आए पहलवानों के वकील ने कहा कि आरोपी पीड़िताओं की पहचान टीवी पर उजागर कर रहा है। आज पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमारी याचिका एफआईआर दर्ज करवाने के लिए थी और पुलिस ने पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराकर बृजभूषण के खिलाफ FIR दर्ज कर लिया है। इसके अलावा अगर कोई समस्या हो तो हम हाईकोर्ट या मजिस्ट्रेट की अदालत में जा सकते हैं। वकील ने आगे कहा जांच की मॉनिटरिंग जरूरी है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने एफआईआर पहले दर्ज नहीं की और न ही वो पीड़िताओं के बयान दर्ज करने के लिए तैयार थे। हम उम्मीद कर रहे थे कि रिटायर सुप्रीम कोर्ट जज इस केस की मॉनीटरिंग करेंगे, लेकिन कोर्ट ने केस ही खत्म कर दिया।

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक बार फिर पहुंचे पहलवानों को सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में जाने की सलाह दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बैंच ने कहा कि आपकी मांग एफआईआर दर्ज होने की थी, जो हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब यदि आपकी कोई मांग है, तो फिर मजिस्ट्रेट कोर्ट या फिर उच्च न्यायालय जा सकते हैं। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने अपने पास इस मामले को बंद करने की बात कही। इस तरह पहलवानों के पास अब निचली अदालत में जाने का विकल्प खुला है। इससे पहले महिला पहलवानों के वकील नरेंद्र हुड्डा ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर जज को जांच की निगरानी सौंपनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के व्यवहार को देखिए। मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यदि सुनवाई यहां बंद हुई, तो पुलिस पैर वापस खींच लेगी।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश में आपको हाई कोर्ट या फिर मजिस्ट्रेट के पास जाने की छूट दी गई है। बैंच ने कहा कि हमें जानकारी है कि यह अर्जी एफआईआर के लिए थी। हम यह नहीं कह रहे कि यह मामला मॉनिटरिंग के योग्य नहीं है। लेकिन आप इसके लिए हाई कोर्ट जा सकते हैं। बता दें कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ एक्शन न होने की शिकायत लेकर पहलवान एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट गए थे। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की जानकारी दी थी।

## ममता ने मणिपुर की स्थिति पर जतायी चिंता

**कोलकाता (वार्ता)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मणिपुर की स्थिति पर गुरुवार को गहरी चिंता व्यक्त की। बनर्जी ने ट्वीट किया, यह राजनीति का समय नहीं है। राजनीति और चुनाव इंतजार कर सकते हैं, लेकिन पहले हमारे खूबसूरत राज्य मणिपुर की रक्षा करनी होगी।



उन्होंने कहा, 'मैं मणिपुर के अपने भाइयों और बहनों से भी शांत रहने, शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह करती हूं। अगर हम आज मानवता को जलाते हैं, तो कल हम इंसान नहीं रहेंगे।' उल्लेखनीय है कि ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) द्वारा मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आयोजित विरोध रैली के बाद बुधवार को मणिपुर में हिंसक झड़पें हुयीं। प्रदर्शनकारी मेइतेई को अनुसूचित जाति (एसटी) में शामिल करने की मांग पर निर्णय लेने के लिए न्यायालय द्वारा मणिपुर सरकार को निर्देश देने का विरोध कर रहे हैं। राज्य के बिशनपुर, मोरेह, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और चुराचांदपुर जिलों में बड़ी संख्या में घरों को जला दिया गया। चुराचांदपुर जिले से महिलाओं से दुष्कर्म की खबरें आते ही पूरे राज्यभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

## महिला पहलवानों के समर्थन में युवा कांग्रेस का कैंडल मार्च



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर पर धरना दे रही महिला खिलाड़ियों के समर्थन में आज कैंडल मार्च निकाला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'बेटी बचाओ' का नारा सिर्फ ढोंग है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता यहां अपने राष्ट्रीय कार्यालय 05 रायसिना रोड की बहार शाम को 7:00 बजे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में एकत्रित हुए और कैंडल मार्च निकालते हुए जंतर मंतर की तरफ बढ़े, लेकिन भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। संगठन के नेता श्रीनिवासने कैद कैंडल मार्च निकाल रही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जंतर मंतर पर महिला खिलाड़ियों के साथ जो हुआ है, वह भयावह और शर्मनाक है और इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है उन्होंने देश के लिए पदक जीतने वाली इन युवा महिला पहलवानों को देश का अभिमान बताया और कहा कि इन पहलवान बेटियों को न्याय मिलना चाहिए।

## बुजुर्ग ने एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचकर बनाया रिकार्ड



**द्वारका।** द्वारका के डीजेए अपार्टमेंट में रहने वाले 73 साल के निरंजन देबनाथ तमाम अड़चनों को पार करते हुए माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक जा पहुंचे। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में निरंजन का नाम एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति के तौर पर शामिल किया गया है। निरंजन ने यह सफर 11 मार्च को शुरू कर 18 मार्च को पूरा किया। निरंजन ने बताया कि वह यूएन से इंटरनेशनल सिविल सर्वेंट के तौर पर रिटायर हुए हैं। उनकी ज्यादातर पोस्टिंग संवेदनशील देशों जैसे इजरायल, लेबनान, ईराक आदि में रही है। उनका बचपन श्रीनगर में बीता और इसी वजह से वह पहाड़ों के करीब रहे हैं। उन्होंने माउंट कैलाश, हर की दून, केदारनाथ, अमरनाथ, गोमुख, तपोवन पर ट्रेकिंग की है।

निरंजन ने बताया कि वह एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाते रहे हैं। दो घंटे का योग और व्यायाम उनकी आदत है। साइकिल ग्रुप के साथ 50 से 100 किलोमीटर की साइकल राइड करते हैं। लंबी दूरी जैसे द्वारका से गुरुग्राम आदि का सफर पैदल ही तय कर लेते हैं। मेट्रो आदि में वह हमेशा सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल निरंजन अपने बेटे के पास सिडनी गए थे। वहीं, कुछ दोस्त एवरेस्ट बेस कैंप जाने का प्लान बना रहे थे। बस वहीं से ख्याल आया कि इस ट्रैक को भी करना चाहिए। जनवरी में इरादा किया। उनके गाइड ने उन्हें तीन महीने का शेड्यूल दिया था कि आपको यह लाइफस्टाइल अपनानी है, लेकिन व्यस्त होने की वजह से वह कुछ कर नहीं पाए, लेकिन इस दौरान उन्होंने दो घंटे की नियमित एक्सरसाइज जारी

# लिफ्ट देने के बहाने जंगल में महिला के साथ किया दुष्कर्म

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून** । देहरादून में अंजान शख्स से लिफ्ट लेना एक महिला को भारी पड़ गया , लिफ्ट देने के बहाने अभियुक्त मनीष कुमार ने आशारोड़ी के जंगल में महिला के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। दरअसल महिला चंडीगढ़ की रहने वाली है जो अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने देहरादून आई थी जिसके बाद शिमला बायपास से आईएसबीटी जाते वक्त अभियुक्त मनीष उसे रास्ते में मिला और आईएसबीटी तक लिफ्ट देने के बहाने महिला को अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया जिसके बाद आशारोड़ी के जंगल में लेजाकर उसके द्वारा बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया , साथ ही महिला के पास मौजूद पैसे और अन्य समान को भी लूटकर उसे वहीं जंगल में छोड़ कर भाग गया , घटना के बाद दहशत में आई महिला रात भर जंगल में ही छुपी रही सुबह होते ही ISBT पहुंच कर पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल रूप से कार्यवाही करते हुए मामले की पड़ताल शुरू कर दी, लगभग 150 सीसीटीवी फुटेज करने के पश्चात पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी और अभियुक्त को उसके गांव खुशहलीपुर बिगारीगढ़ से गिरफ्तार किया गया बता दें अभियुक्त पेशे से एक टैक्सी चालक है जो देहरादून से सहारनपुर व अन्य रूटों पर टैक्सी चलाने का काम करता है।

# भाजपा में बेईमानी और झूठ बोलने की दी जाती है ट्रेनिंग: शिवपाल

**इटावा , (वार्ता)** । समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि भाजपा में झूठ बोलने और बेईमानी करने की ट्रेनिंग दी जाती है। पार्टी आफिस में पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि निकाय चुनाव सपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पार्टी को जनता का भारी समर्थन भी मिल रहा है।



उन्होने कहा कि भाजपा के छोटे नेता से लेकर बड़े नेता उनके सम्पर्क में रहे। इसलिए उन्हें सब पता है, भाजपा के लोग बहुत ही झूठ बोलने वाले लोग हैं। आज अगर तुलना की जाए तो सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार भाजपा की है और सबसे ज्यादा झूठ वाले लोग वही हैं। इन छह सालों में कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। केवल झूठे वादे जनता से किए हैं। अबकी बार चाहे नगरपालिका के चुनाव हो चाहे 2024 लोकसभा के चुनाव हो, जनता ने भी तय कर लिया है कि भाजपा को वोट से ऐसी चोट देगें कि यह सत्ता में फिर कभी वापसी नहीं कर पाएंगे। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के सपा सरकार में जनता को वोट न डालने के बयान पर तंज कसते हुए श्री यादव ने कहा कि गीता शाक्य भी सपा से चुनाव लड़ चुकी है लेकिन वहां जाने के बाद सब झूठ बोलने लगते हैं न जाने भाजपा वाले कौन सी ट्रेनिंग देती है कि लोग केवल झूठ और बेईमानी पर उतारु हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इनसे बेईमान क्या हो सकता है अभी जहां जहां चुनाव हुए हैं केवल यह लोग नौकरशाही के बल पर सब जगह बेईमानी कराने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार देश में नहीं आएगी, क्योंकि जनता पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के पक्ष में हैं और समर्थन कर रही है लेकिन भाजपा के लोग नौकरशाही के बल पर बेईमानी कराना चाहती है और जनता को वोट नहीं डालने देना चाहती है।

# योगी को नहीं उड़ाना चाहिये व्हीलचेयर का उपहासः अखिलेश यादव

**लखनऊ (वार्ता)** । समाजवादी पार्टी ( सपा ) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को व्हीलचेयर का उपहास नहीं उड़ाना चाहिए क्योंकि बहुत



सारे बीमार लोग और बुजुर्ग व्हीलचेयर का प्रयोग करते हैं। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने तो उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को ही व्हीलचेयर पर पहुंचा दिया है। भाजपा को जनता के मुद्दों और समस्याओं से मतलब नहीं है। भाजपा की कार्यप्रणाली और नीतियों से जनता में भारी निराशा है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा से निजात पाना चाहती है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा शासनकाल में ध्वस्त कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुये पिछली तीन मई को मऊ में एक जनसभा में कहा था कि मऊ की कानून व्यवस्था को व्हीलचेयर पर लाने वाले आज खुद व्हीलचेयर पर हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा भी समझ गई है कि लोग उसके कुशासन से त्रस्त है। जनता उसके खिलाफ वोट कर रही है।

# कांग्रेस ने आज प्रदेश भर में भाजपा सरकारों की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का किया पाठ

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून**। ब्लॉक से लेकर जिला और कांग्रेस मुख्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया कर्नाटक चुनाव के लिए घोषणा पत्र में कांग्रेस का बजरंग दल पर बैन लगाने का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। एक भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रव्यापी रंग दे चुकी है तो वहीं बजरंग दल सड़कों पर उतर कांग्रेस का विरोध कर रहा है। कांग्रेस भी पीछे नहीं हटना चाहती, जवाब में कांग्रेस ने भी जगह-जगह हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया है।

राजधानी देहरादून में बीते दिन बजरंग दल द्वारा कांग्रेस मुख्यालय के सामने किये गये विरोध-प्रदर्शन जवाब में आज पार्टी ने पूरे प्रदेश में हनुमान चालीसा का पाठ



किया। इस क्रम में कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की मौजूदगी में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सनातन धर्म और हनुमान जी भाजपा और बजरंग दल की बपौती नहीं हैं। हनुमान चालीसा के पाठ की जरूरत इसलिये पड़ी ताकि जनता को संदेश जाए और वो समझ पाये कि धर्म की ठेकेदारी करने वाले लोग कौन हैं।

# दीवाली, होली में मिलेंगे फ्री गैस सिलेंडर: योगी

**बुलंदशहर (वार्ता)**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आगामी दीपावली और होली पर्व पर सरकार फ्री सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा नये ट्यूबवेल लगाने के लिये मुफ्त में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

बुलंदशहर नगर के नुमाइश मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने 54 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यूपी में आवास देने का काम किया, 2.61 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय बनवाए, 1.75 करोड़ गरीबों को उज्जवला गैस कनेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। अब उत्तर प्रदेश सरकार दीपावली और होली पर भी फ्री



गैस सिलेंडर देने की व्यवस्था बनाने जा रही है।

उन्होने कहा कि 1.55 करोड़ गरीबों को यूपी में फ्री बिजली देने का काम किया और एक लाख 21 हजार गांवों में विद्युतीकरण कराने का काम किया है। यही नहीं अब सरकार निजी ट्यूबवेल लगाने वाले किसानों को भी फ्री बिजली देने की व्यवस्था बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में अपराधों का स्तर काफी गिरा है। चारों ओर शांति ही शांति है। भू माफिया फिरौती वसूल करने वाली अब लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं कर रहे, इसीलिए उत्तर प्रदेश में 35 लाख करोड़ का निवेश आगामी कुछ दिनों में आने की प्रबल संभावना है जिसके तहत एक लाख युवाओं को नौकरी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बुलंदशहर जनपद को छूती हुई जाएगी। इसके बनने से बुलंदशहर से प्रयागराज की दूरी मात्र 6 घंटे में पूरी हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में भारत के अंदर हाईवे रेलवे एयरपोर्ट रैपिट ट्रेन मेटरो ट्रेन का युद्ध स्तर पर निर्माण हुआ है। देश तेजी के साथ विकास की ओर बढ़ रहा है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति का निधन

**जौनपुर, (वार्ता)**। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति आर पी यादव का शुक्रवार को एसजीपीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लगभग 79 वर्ष के थे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जौनपुर जिले के ग्राम सफीपुर पोस्ट खेतासराय के मूल निवासी श्री यादव योग्य, अनुभवी, विद्वान, विधि के ज्ञाता ,व्यवहार कुशल थे। उन्होने विभिन्न जिलों में जिलाद न्यायाधीश के पद की गरिमा को सुशोभित किया था। जिले के अधिवक्ता वी आर यादव ने बताया कि पूर्व न्यायमूर्ति आर पी यादव का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह आदि गंगा गोमती के पावन तट सुतौली ( खुटहन) जौनपुर घाट पर पूर्व नागरिक सम्मान के साथ होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com